सन्मार्ग

Live News & Epaper
http://www.live7tv.com

एक झलक

चार आरोपित गिरफ्तार

सन्मार्ग/इमामगंज/गयाजी/सं.। थाना क्षेत्र के कलोई गांव से पुलिस ने कोर्ट से जारी वारंट के आधार पर तीन व्यक्ति को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान कलोई गांव निवासी पिंटू यादव, राजकुमार यादव और मुन्नी यादव उर्फ अमरेंद्र यादव के रूप में हुई है। तीनों के खिलाफ न्यायालय से वारंट निर्गत था। वही एक शराब पीने के आरोप में गेबालगंज गांव के अशोक पासवान को गिरफ्तार किया गया है चारों आरोपी को कोर्ट में पेशी करते हुए जेल भेजा गया।

खिजरसराय में ग्राम रक्षक की बहाली नहीं, बीडीओ ने दी सूचना, पैसे मांगने वालों पर होगी कार्रवाई

सन्मार्ग/खिजरसराय/गयाजी/सं.। खिजरसराय प्रखंड में ग्राम रक्षक के पद पर फिलहाल किसी प्रकार की बहाली नहीं निकाली गई है। इसकी जानकारी देते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा गहलोत ने आम लोगों को सावधान रहने की अपील की है। उन्होंने स्पष्ट किया कि ग्राम रक्षक की बहाली के नाम पर किसी भी प्रकार की राशि जमा करने की सूचना या आधिकारिक प्रक्रिया फिलहाल जारी नहीं की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी पूजा गहलोत ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति ग्राम रक्षक की बहाली कराने का झांसा देकर पैसे की मांग करता है या किसी से राशि जमा करवाता है, तो ऐसे लोगों से सतर्क रहें। इस तरह की गतिविधियों की जानकारी प्रशासन को दें, ताकि मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा सके।उन्होंने लोगों से अपील की कि बहाली के नाम पर किसी अनजान व्यक्ति के झांसे में आकर पैसे न दें। किसी भी प्रकार की बहाली संबंधी जानकारी के लिए प्रखंड कार्यालय या संबंधित प्रशासनिक अधिकारियों से संपर्क कर पुष्टि करें। बीडीओ ने कहा कि लोगों की जागरूकता से इस तरह की धोखाधड़ी पर रोक लगाई जा सकती है।

सेवा संकल्प व कायाकल्प अभियान की डीएम ने की समीक्षा, कहा

'12 नवंबर तक सभी लंबित कार्यों को करें पूरा'

सन्मार्ग/गयाजी/संवाददाता। सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न विभागों द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर आज जिलाधिकारी, गया श्री शशांक शुभंकर की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के तहत विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की अद्यतन स्थिति, निर्धारित लक्ष्यों के विरुद्ध उपलब्धि तथा लंबित कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित विभिन्न संबंधित विभागों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने सभी संबंधित विभागों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की प्रगति



की जानकारी ली तथा निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान के अंतर्गत सभी संबंधित विभाग 12 नवंबर 2026 तक अपने निर्धारित कार्यों को अनिवार्य रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें। इसके लिए सभी पदाधिकारी कार्यों में तेजी लाएं तथा लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निष्पादन करें। जिलाधिकारी ने कहा कि सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है, ताकि आम जनता को इन योजनाओं का प्रत्यक्ष एवं समय पर लाभ मिल सके। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए सभी विभागों के पदाधिकारियों को पूरी गंभीरता, तत्परता एवं जवाबदेही के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करना होगा। उन्होंने निर्देश दिया कि कार्यों के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की अनावश्यक शिथिलता नहीं बरती जाए और निर्धारित समय-सीमा का हर हाल में पालन किया जाए।बैठक के दौरान शिक्षा विभाग द्वारा संचालित कार्यों की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी ने असंतोष व्यक्त किया। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को कार्यों में अपेक्षित तेजी लाने तथा लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट किया कि विकास एवं जनकल्याण से जुड़े कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी परिस्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। जिलाधिकारी ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि अभियान के अंतर्गत लंबित कार्यों की नियमित समीक्षा एवं निगरानी सुनिश्चित करें। कार्यों की प्रगति में आ रही बाधाओं को चिह्नित करते हुए उनका त्वरित समाधान किया जाए, ताकि सभी निर्धारित लक्ष्यों को तय समय-सीमा के भीतर प्राप्त किया जा सके। उन्होंने कार्यों के निष्पादन में पारदर्शिता, समयबद्धता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने पर भी विशेष बल दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी संबंधित पदाधिकारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए सेवा संकल्प एवं कायाकल्प अभियान को प्रभावी ढंग से लागू करें, ताकि जिले में संचालित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक सुचारू रूप से पहुंच सके।

बीटीएमसी प्रभारी सचिव ने महाबोधि मंदिर का किया औचक निरीक्षण



सन्मार्ग/बोधगया/गयाजी/सं.। अपर समाहर्ता सह बीटीएमसी प्रभारी सचिव परितोष कुमार द्वारा गुरूवार को महाबोधि मंदिर परिसर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में वहॉ की व्यवस्थाओं एवं साफ-सफाई से संबंधित कार्यों के लिए संबंधित कर्मियों को कई निर्देश दिए। आगामी रविवार को बीटीएमसी द्वारा वार्षिक महा कठिन चीवर दान का आयोजन होने जा रहा है जिसमें हजारों की संख्या में बौद्ध श्रद्धालु मंदिर परिसर में एकत्रित होंगे। इन्हीं तैयारियों के मद्देनजर प्रभारी सचिव ने घुम-घुमकर पुरे मंदिर परिसर का निरीक्षण किया। सर्वप्रथम पहली चेकिंग प्वाईट पर रखे लोहे के टूटे बैरिकेटिंग को जल्द से जल्द मरम्मती करने का निर्देश दिया। तत्पश्चात रेड पैडेस्टल पर पड़े जूट कार्पेट को हटाकर कहीं अन्?यत्र रखने का आदेश दिया। मंदिर परिसर में परिभ्रमण के क्रम में वह शौचालय का निरीक्षण किया एवं वहॉ कीसाफ-सफाई देखी तथा एक ब्लॉक में लाईटिंग ठीक करने तथा एक शौचालय का दरवाजा रिपेयर कराने का निर्देश दिया। इसके बाद वह बटर लैंप क्षेत्र गए जहॉ पुराने अनुपयोगी स्क्रैप को देखा, जिसे निलामी प्रक्रिया कर वहॉ से हटाने का निर्देश दिया। अंत में मंदिर परिसर की नियमित साफ-सफाई को और बेहतर करने हेतु संबंधित कर्मियों को कड़े निर्देश दिए एवं इसका लगातार निरीक्षण करने को कहा गया। आने वाले नवम्बर माह से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने की संभावना को देखते हुए उपरोक्त सभी निर्देश को अनिवार्य रूप से अनुपालन का निर्देश दिया गया।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रभारी नीरज कुमार को दी शुभकामनाएं



सन्मार्ग/गयाजी/सं.। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी नीरज कुमार सहित एनडीए प्रत्याशी की शानदार जीत पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के क्षेत्रीय प्रभारी डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने पटना स्नातक क्षेत्र से नीरज कुमार के प्रति स्नातक मतदाताओं के विश्वास, समर्थन और उनके निरंतर जनसेवा के प्रयासों का प्रतिफल बताया। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि श्री नीरज कुमार ने अपनी लोकप्रियता, राजनीतिक अनुभव और जन सरोकारों के प्रति प्रतिबद्धता को बरकरार रखते हुए पुनः जीत हासिल की है। यह विजय उनके नेतृत्व पर जनता के भरोसे को दर्शाती है। पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के मतदाताओं ने उन्हें अपना समर्थन देकर यह साबित किया है कि जनहित में निरंतर कार्य करने वाले नेतृत्व को जनता का आशीर्वाद मिलता रहता है उन्होंने कहा कि एनडीए की इस जीत से कार्यकर्ताओं में नया उत्साह और ऊर्जा का संचार हुआ है। श्री नीरज कुमार सदैव स्नातक मतदाताओं की समस्याओं, शिक्षा जगत से जुड़े मुद्दों तथा युवाओं के हितों को प्राथमिकता देते हुए अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहें, ऐसी अपेक्षा है। उन्हें विश्वास है कि नीरज कुमार अपने अनुभव और कार्यक्षमता के बल पर क्षेत्र के विकास तथा जनहित के मुद्दों को सदन में मजबूती से उठाते रहेंगे। डॉ. मिश्रा ने कहा कि बिहार की राजनीतिक और सामाजिक चेतना की धरती गया जी की ओर से श्री नीरज कुमार को इस शानदार सफलता के लिए कोटि-कोटि बधाई एवं हार्दिक शुभकामनाएं।

ट्रूकॉलर ने लांच की ट्रूकॉलर लाइट

औरंबाबद/संवाददाता। ट्रूकॉलर ने आज भारत में अपने नए ऐप, ट्रूकॉलर लाइट के लॉन्च की घोषणा की, जो कम स्टोरेज और मेमोरी वाले एंड्रॉइड फोन पर भी लोगों को कॉल करने वाले की पहचान जानने और अनचाहे कॉल्स को ब्लॉक करने की वही सुरक्षा देता है, जिस पर वे सबसे ज्यादा भरोसा करते हैं। लगभग 10 टइ का यह ऐप कुछ ही पलों में इंस्टॉल हो जाता है, तुरंत खुलता है और 4ऋइ तक फअट वाले फोन में भी बड़े आराम से चलता है। यह लॉन्च ऐसे वक्त पर हुआ है जब भारत में लोग त्योहारों की खरीदारी में सबसे ज्यादा व्यस्त रहते है, और इसी दौरान फजी डिलीवरी वाले कॉल्स, बेहद लुभावने ऑफर्स और डउ फ्रॉड जैसे स्कैम कॉल्स अचानक बढ़ जाते हैं।

मगध विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा पर नुक्कड़ नाटक

■ छात्रों ने दिया जागरुकता का संदेश

सन्मार्ग/बोधगया/गयाजी/सं.। मगध विश्वविद्यालय, बोधगया की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार पर सड़क सुरक्षा जागरूकता के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का सफल आयोजन किया गया। मुख्य द्वार के सामने डोभी-पटना राजमार्ग पर सुरक्षा के व्यापक इंतजाम न होने की वजह से निरंतर दुर्घटना द्वारा प्रत्येक माह कई अचानक मृत्यु का शिकार हो रहा है, यह चौराहा अब मौत का स्थल बन गया हैं, इस संदर्भ में जिला प्रशासन से लेकर मंत्रालय तक पत्राचार किया गया है पर अब तक व्यापक कदम नहीं उठाया गया है, इस स्थिति को देखते हुए एनएसएस इकाई ने विश्वविद्यालय के मुख्य द्वार के सामने ओवर ब्रिज नहीं बनाया जाता है तो सड़क को दोनों तरफ से पार करने के लिए की लिफ्ट ऑपरेटेड फुट



ब्रिज बनाया जाए, इसको ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा निरंतर जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है ताकि अब किसी को उस जगह पर कोई मृत्यु का शिकार न हो । कार्यक्रम एनएसएस समन्वयक डॉ. पिंटू कुमार के मार्गदर्शन में तथा एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. रविन्द्र सिंह के निर्देशन में आयोजित हुआ। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से विद्यार्थियों ने सड़क डोभी-पटना मार्ग पर दुर्घटनाओं के बढ़ते खतरे, यातायात नियमों के पालन और सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार की आवश्यकता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। इस नुक्कड़ नाटक में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभाग के स्वयंसेवकों श्वेता कुमारी, धीरज कुमार, राहुल कुमार, बिट्टू कुमार, चंदन कुमार, खुशबू कुमारी एवं प्रेम कुमार ने सक्रिय भागीदारी निभाई। विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने, चौराहे को अच्छी तरह से देख कर और नियंत्रित गति में पर करने तथा यातायात नियमों का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम को उपस्थित लोगों की सराहना मिली और जीवन सुरक्षा का संदेश दिया गया। एनएसएस इकाई, मगध विश्वविद्यालय केवल जागरूकता कार्यक्रमों तक सीमित न रहकर विश्वविद्यालय परिसर और उसके आसपास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए भी प्रतिबद्ध है। इस दिशा में विश्वविद्यालय के संबंधित अधिकारियों तथा राज्य के सड़क एवं परिवहन विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने की पहल की जा रही है। डॉ. रविन्द्र सिंह ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का सामूहिक दायित्व है। यातायात नियमों का पालन, सावधानीपूर्वक वाहन संचालन और पैदल यात्रियों की सुरक्षा के प्रति संवेदनशीलता अपनाकर अनेक दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। एनएसएस इकाई, मगध विश्वविद्यालय ने भविष्य में भी सड़क सुरक्षा, सामाजिक जागरूकता और जनहित से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर आयोजित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

एकलव्य बिहार तीरंदाजी के दल के गठन के लिए चयन प्रतियोगिता संपन्न

■ गया की बेटियों का दबदबा, कई वर्गों में जीते पदक

■ 17 और 19 वर्गों के मुकाबलों में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम, रिकर्व, इंडियन राउंड और कंपाउंड स्पधाओं के परिणाम घोषित



सन्मार्ग/गयाजी/सं.। आयोजित विद्यालय स्तरीय तीरंदाजी चयन प्रतियोगिता में जिले की बेटियों ने शानदार प्रदर्शन किया। गया जी एकलव्य तीरंदाजी प्रशिक्षक जय प्रकाश ने बताया कि अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 आयु वर्ग की विभिन्न स्पधाओं में गया की खिलाड़ियों ने कई पदक अपने नाम किए। रिकर्व, इंडियन राउंड और कंपाउंड स्पधाओं के परिणाम में गया की खिलाड़ियों का दबदबा देखने को मिला। प्रतियोगिता का आयोजन खेल विभाग, बिहार सरकार, बिहार राज्य खेल प्राधिकरण, पटना और जिला प्रशासन, गया जी के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। अंडर-14 बालिका रिकर्व स्पर्धा में गया की नित्या कुमारी ने प्रथम और प्रीति कुमारी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। भागलपुर की अनुशका प्रिया तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर-17 रिकर्व में गया की दीक्षा कुमारी प्रथम, नाजमीन खातून द्वितीय और अनुष्का कुमारी तृतीय स्थान पर रहीं। वहीं, अंडर-19 रिकर्व स्पर्धा में गया की कृति कुमारी ने पहला, आस्था कुमारी ने दूसरा और नंदनी कुमारी ने तीसरा स्थान हासिल किया। अंडर-14 बालिका इंडियन राउंड में भागलपुर की निशा कुमारी प्रथम रहीं। गया की पूनम कुमारी ने दूसरा और अनुष्का प्रिया ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 वर्ग में भागलपुर की साक्षी कुमारी ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि गया की चांदनी कुमारी दूसरे और राखी कुमारी तीसरे स्थान पर रहीं। अंडर-19 इंडियन राउंड में भागलपुर की सुमन कुमारी, गुलहरी कुमारी और सुरभि कुमारी ने क्रमशः पहला, दूसरा और तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंडर-17 बालिका कंपाउंड स्पर्धा में गया की करिश्मा कुमारी ने प्रथम, प्रियंका कुमारी ने द्वितीय और दीपशिखा कुमारी ने तृतीय स्थान हासिल किया। विभिन्न स्पर्द्धाओं के परिणाम से जिले में तीरंदाजी की प्रतिभाओं का प्रदर्शन सामने आया। चयन ट्रायल का उद्देश्य राज्यस्तरीय विद्यालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का चयन कर एकलव्य तीरंदाजी दल का गठन करना है।बालक वर्ग की रिकर्व, इंडियन राउंड और कंपाउंड स्पधाओं में भी विभिन्न जिलों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। चयन सूची में गया के अलावा आरा, गोपालगंज और राजगीर के खिलाड़ियों के नाम भी शामिल हैं। तीरंदाजी प्रतियोगिता के विजेताओं की सूची।गया जी में आयोजित चयन ट्रायल की विभिन्न स्पधाओं में बालिका खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन। अंडर-14 बालिका रिकर्व स्पर्धा, प्रथम नित्या कुमारी, द्वितीय प्रीति कुमारी, तृतीय अनु प्रभा भागलपुर। अंडर-17 बालिका रिकर्व स्पर्धा में प्रथम दीक्षा कुमारी, द्वितीय नाजमीन खातून, तृतीय अनुष्का कुमारी गया। अंडर-19 बालिका रिकर्व स्पर्द्धा में प्रथम कृति कुमारी गया, द्वितीय आस्था कुमारी गया, तृतीय नंदनी कुमारी गया। अंडर-14 बालिका इंडियन राउंड स्पर्धा में प्रथम निशा कुमारी भागलपुर, द्वितीय पूनम कुमारी गया, तृतीय अनुष्का प्रिया गया। अंडर-17 बालिका इंडियन राउंड स्पर्धा में प्रथम साक्षी कुमारी, भागलपुर, द्वितीय चांदनी कुमारी गया, तृतीय राखी कुमारी गया, अंडर-19 बालिका इंडियन राउंड स्पर्धा, प्रथम सुमन कुमारी भागलपुर, द्वितीय गुलहरी कुमारी भागलपुर, तृतीय सुरभि कुमारी भागलपुर, अंडर-17 बालिका कंपाउंड स्पर्धा प्रथम करिश्मा कुमारीगया, द्वितीय प्रियंका कुमारी गया, तृतीय दीपशिखा कुमारी गया, गयाजी खेल पदाधिकारी नेहा कुमारी ने बताया कि यह सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय विधालय तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे। बालिका वर्ग के राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता गया जी में हीं आयोजित किया जाएगा। जबकि बालक वर्ग के राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता भागलपुर में आयोजित किया जाएगा। यह सभी खिलाड़ी राज्य स्तरीय में भाग लेंगे। जिला खेल पदाधिकारी सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत कर उज्जवल भविष्य के कामना की।

बघेला थाना क्षेत्र में पुलिस की कार्रवाई, पांच एनबीडब्ल्यू वारंटी गिरफ्तार

सन्मार्ग/सासाराम/सं.। रोहतास जिले के बघेला थाना क्षेत्र में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एनबीडब्ल्यू (गैर-जमानती वारंट) के पांच वारंटियों को गिरफ्तार किया है। रोहतास पुलिस की ओर से 29 अक्टूबर 2026 को जारी सूचना के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सभी आरोपितों को पकड़ा।गिरफ्तार आरोपितों में लिलारी गांव निवासी स्व. उदित पासवान के पुत्र खीरा पासवान और स्व. सुरेन्द्र पासवान के पुत्र धनंजय पासवान शामिल हैं।

मछली मारने की कोशिश में करंट की चपेट में आया युवक, मौके पर मौत

सन्मार्ग/चेनारी/रोहतास/सं.। रोहतास जिले के चेनारी थाना क्षेत्र में बिजली के करंट ने एक युवक की जान ले ली। टेकारी गांव के समीप पोरा के पास हुए इस हादसे में सबराबाद गांव निवासी चंद्रमा बिंद के पुत्र विकास बिंद की मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में मातम पसर गया।मिली जानकारी के अनुसार, विकास बिंद मछली मारने की फिराक में था। इसी दौरान पुल पर फोरलेन के इस पार से उस पार तक ले जाए गए बिजली के तार की चपेट में आ गया। करंट लगने से उसकी मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही स्थानीय लोगों में अफरा-तफरी मच गई।हादसे के बाद बिजली के तार को लेकर सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठने लगे हैं। पुल पर इस तरह तार ले जाने से लोगों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। घटना से मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

एल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड

CIN नंबर U74999DL2002PLC117052
A-270, पहली और दूसरी मंजिल, डिफेंस कॉलोनी, नई दिल्ली-110024
ईमेल: admin@alchemistarc.com, वेबसाइट: www.alchemistarc.com

प्रतीकात्मक कब्ज़े की सूचना (अचल संपत्ति के लिए)

(SARFAESI अधिनियम, 2002 की धारा 13(4) के अंतर्गत, सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित)

अधोहस्ताक्षरी, जो 'अल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड' (जो नीचे बताए गए असाइनमेंट एग्रीमेंट के तहत 'एसबीएफसी फाइनेंस लिमिटेड' की असाइनी है) के अधिकृत अधिकारी हैं, वे 'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54)' के अंतर्गत और 'प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002' की धारा 13(12) के साथ नियम 3 के तहत मिली शक्तियों का प्रयोग करते हुए, एक डिमांड नोटिस जारी करते हैं। इस नोटिस के माध्यम से उधारकर्ता से कहा जाता है कि वह नोटिस मिलने की तारीख से 60 दिनों के भीतर, नोटिस में बताई गई राशि का भुगतान करे।

चूंकि उधारकर्ता राशि चुकाने में विफल रहा है, इसलिए उधारकर्ता और आम जनता को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया गया है। यह कार्रवाई 'सिक्योरिटी इंटरेस्ट (एनफोर्समेंट) रूल्स, 2002' के नियम 8 के साथ पढ़े जाने वाले, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत मिली शक्तियों का उपयोग करते हुए की गई है। उधारकर्ता/गारंटर और आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि वे इस संपत्ति के संबंध में कोई लेन-देन न करें। यदि ऐसा कोई लेन-देन किया जाता है, तो उस पर 'एल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड' का दावा (चार्ज) लागू रहेगा, जिसमें बकाया राशि और उस पर लगने वाला ब्याज शामिल होगा। उधारकर्ता का ध्यान अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों की ओर आकर्षित किया जाता है, जो सुरक्षित संपत्तियों (सिक्योर्ड एसेट्स) को वापस पाने (रिडीम करने) के लिए उपलब्ध समय के बारे में बताते हैं।

क्र. सं	ऋण खाता संख्या	उधारकर्ता (उधारकर्ताओं) / सह-उधारकर्ता (सह-उधारकर्ताओं) / गारंटर (गारंटरों) का नाम	मांग नोटिस की तारीख और देय राशि (₹)	13(4) नोटिस की तारीख	सुरक्षित संपत्ति का विवरण	देय तिथि
1	PR 01278681 और PR 01545471	1. लालबाबू कुमार महतो (उधार लेने वाला) 2. रीता कुमारी (सह-उधारकर्ता) 3. सीता राम महतो (सह-उधारकर्ता) 4. मालती देवी (सह-उधारकर्ता	11.03.2026 और 14,08,729/- रुपये	24 अक्टूबर, 2026	रूपडीह खाता संख्या 84, 76; खेसरा संख्या 394, 612; थाना संख्या 159; तौजी संख्या 951, मोतिहारी, जिला पूर्वी चंपारण, बिहार में स्थित पूरी जमीन| **पूर्व-** पैगाँव से आने वाली 10.75 फीट चौड़ी सड़क; **पश्चिम**-10.75 फीट जमीन (विक्रेता की); **उत्तर**-16 फीट जमीन (खर्ग सिंह की)।	24वीं दिसंबर, 2025

उधारकर्ता(ओं)/गारंटर(ओं) को सूचित किया जाता है कि वे ऊपर बताई गई सुरक्षित संपत्तियों को, सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना, न तो किसी को बेचें, न ही उन्हें पट्टे पर दें, न ही गिरवी रखें, न ही उन पर कोई प्रभार (charge) लगाएं, और न ही किसी अन्य तरीके से उनका निपटान करें।

यह सूचना SARFAESI अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार, उधारकर्ता(ओं), गारंटर(ओं) और आम जनता की जानकारी के लिए जारी की गई है। यदि कोई सवाल हो, तो कृपया नीचे दिए गए विवरण के माध्यम से संपर्क करें:
फोन: 011-46562584 ईमेल: admin@alchemistarc.com, ashutosh@alchemistarc.com

दिनांक:- 30.10.2026
स्थान:- बिहार

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी
एल्केमिस्ट एसेट रिकंस्ट्रक्शन कंपनी लिमिटेड
(एल्केमिस्ट XLVII ट्रस्ट के ट्रस्टी के रूप में कार्य करते हुए) सुरक्षित लेनदार

सासाराम में सड़क-नाला निर्माण की गुणवत्ता पर उठे सवाल, नगर आयुक्त से जांच की मांग

सन्मार्ग/सासाराम/सं.। नगर निगम क्षेत्र में सड़क और नाला निर्माण कार्यों को गति मिल रही है, लेकिन इनकी गुणवत्ता को लेकर सवाल भी उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर निर्माण कार्यों में कथित अनियमितता की शिकायतें सामने आने के बाद नगर निगम की कार्यप्रणाली और निगरानी व्यवस्था पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। लोगों ने नगर आयुक्त से निमार्णाधीन योजनाओं की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने की मांग की है।शिकायतों के अनुसार, कुछ स्थानों पर नाला निर्माण के दौरान छड़ों के उचित इस्तेमाल और निर्माण से पहले आवश्यक सोलिंग किए जाने को लेकर सवाल उठाए जा रहे हैं। हालांकि, इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ऐसे में निर्माण स्थलों का निरीक्षण कर तकनीकी जांच कराना जरूरी माना जा रहा है। निर्माण कार्यों में निर्धारित मानकों की अनदेखी होने पर न केवल सरकारी राशि के सदुपयोग पर सवाल उठ सकते हैं, बल्कि सड़कों और नालों की मजबूती एवं टिकाऊपन भी प्रभावित हो सकता है।

लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा दे रही निवेश बस यात्रा

गया/संवाददाता। केनरा रोबेको एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड निवेश बस यात्रा पटना से शुरू होकर मुजफ्फरपुर, दरभंगा होते हुए भागलपुर पहुंची और अब गया पहुंच गई है। इस यात्रा के जरिये राज्य की राजधानी और उसके आसपास के इलाकों में रहने वाले लोगों के बीच वित्तीय साक्षरता को बढ़ावा देने और म्यूचुअल फंड निवेश के प्रति जागरूकता बढ़ाने का काम किया जा रहा है। केनरा रोबेको एएमसी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी रजनीश नरूला ने कहा कि आज के बदलते वित्तीय माहौल में जानकारी उतनी ही ताकतवर है, जितनी समझ।

खेत से घर लौट रहे किसान की करंट लगने से मौत, गांव में पसरा मातम

सन्मार्ग/बाराचट्टी/गयाजी/सं.। बाराचट्टी प्रखंड अंतर्गत जयगीर पंचायत के दोवाट गांव में बुधवार की रात बिजली की चपेट में आने से मुनेश्वर सिंह की मौत हो गई। हादसे के बाद परिजनों में मातम पसरा है। वहीं, गांव में शोक का माहौल है।ग्रामीणों के अनुसार, बुधवार रात करीब आठ बजे मुनेश्वर सिंह अपने खेत में लगी धान की फसल देखकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान तेज हवा चलने से बिजली के तार के सहारे लगा बांस का खंभा अचानक गिर गया। खंभा गिरने के साथ ही बिजली का तार भी उनके पास आ गिरा।

रबी फसलों की बेहतर पैदावार के लिए किसानों को किया गया प्रशिक्षित

सन्मार्ग/इमामगंज/गयाजी/सं.। प्रखंड कार्यालय परिसर में गुरुवार को रबी महाभियान एवं खेत बचाओ अभियान के तहत प्रखंड स्तरीय प्रशिक्षण सह उपादान वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. इसमें प्रखंड क्षेत्र के दर्जनों किसानों के साथ कृषि एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मियों ने भाग लिया. कार्यक्रम में किसानों को रबी फसलों की बेहतर पैदावार के लिए वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के बारे में जानकारी दी गई. प्रशिक्षण के दौरान किसानों को रबी फसलों की बुआई से पहले बीजोपचार करने, फसलों को विभिन्न रोगों से बचाने, मिट्टी की जांच कराने और उसके लाभों के बारे में विस्तार से बताया गया. अधिकारियों ने खेती में मिट्टी की गुणवत्ता बनाए रखने तथा रासायनिक खादों पर निर्भरता कम करने के लिए जैविक खेती अपनाने पर जोर दिया. किसानों को कृषि की आधुनिक तकनीकों का उपयोग कर उत्पादन बढ़ाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस मौके पर बीडीओ संजय कुमार, सीओ सुकेश कुमार,प्रखंड कृषि पदाधिकारी सूर्य कुमार राम, कृषि विज्ञान केंद्र आमस के डॉ. पंकज तिवारी तथा भूमि संरक्षण विभाग गया के कृषि पदाधिकारी नीतीश कुमार सहित सभी एटीएम, बीटीएम सभी समन्वय और सभी किसान सलाहकार उपस्थित रहे।

IndusInd Bank

क्षेत्रीय कार्यालय
सावित्री टॉवर, 3A, अपर वुड स्ट्रीट,
कोलकाता 700017

परिशिष्ट-IV-A
[नियम 8 (6) के परंतुक को देखें]
अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

'वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002' और 'प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002' के नियम 8(6) के प्रावधान के तहत अचल संपत्ति की नीलामी बिक्री के लिए सूचना।

आम जनता को, और विशेष रूप से उधारकर्ता तथा गारंटर को सूचित किया जाता है कि नीचे बताई गई अचल संपत्ति, जिसे सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी रखा गया था, उसका भौतिक कब्ज़ा सुरक्षित लेनदार, इंडसइंड बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी द्वारा ले लिया गया है। इस संपत्ति को **09-12-2026 को "जैसी है, जहाँ है", "जैसी है, वैसी है" और "जो कुछ भी है"** के आधार पर बेचा जाएगा। यह बिक्री **30-09-2026 तक की 1,72,49,943.20 रुपये (एक करोड़ बहत्तर लाख उनचास हजार नौ सौ तैंतालीस रुपये और बीस पैसे)** की बकाया राशि की वसूली के लिए की जा रही है। इसके साथ ही, **01-10-2026 से स्वीकृत शर्तों के अनुसार आगे का ब्याज, लागत, शुल्क, खर्च और दंड शुल्क भी देय होंगे। यह राशि सुरक्षित लेनदार, इंडसइंड बैंक लिमिटेड** को **मेसर्स मनु एंटरप्राइजेज (उधारकर्ता), रोहित कुमार (गारंटर/गिरवी रखने वाले) और प्रीति कुमारी (गारंटर)** से वसूल की जानी है। संपत्ति का आरक्षित मूल्य, बयाना राशि और निरीक्षण की तारीख नीचे दी गई है।

गिरवी रखी गई संपत्तियों का विवरण	ज्ञात भार	आरक्षित मूल्य	ईएमडी
लगभग 5 डेसिमल क्षेत्रफल वाली आवासीय भूमि (जिस पर भवन/ढांचा भी स्थित है), जो मौजा - चकमिलकी, थाना - चौक (वर्तमान थाना - बाईपास, थाना नंबर 20), खाता नंबर 121, खेसरा नंबर 86, अंचल - पटना सदर, उप-पंजीयन कार्यालय - पटना सिटी और जिला - पटना (पिन: 800009) में स्थित है, की **सीमाएं इस प्रकार हैं: उत्तर में -** प्लॉट 86 का हिस्सा (अजय महतो), **दक्षिण में -** आम रास्ता, **पूर्व में -** प्लॉट 86 का हिस्सा (मनीष कुमार), **पश्चिम में -** प्लॉट 86 का हिस्सा (आशीष कुमार)। *** **इस संपत्ति का विस्तृत विवरण रोहित कुमार के नाम पर 27.06.2023** को निष्पादित 'सिंपल मॉर्गेज' (साधारण बंधक) के पंजीकृत विलेख में दिया गया है, जिसका **विवरण इस प्रकार है: सीरियल नंबर 3750, बुक नंबर 1, डीड नंबर 3695.**	शून्य/बैंक को ज्ञात नहीं	**1,47,01,500/- रुपये** (एक करोड़ सैंतालीस लाख एक हज़ार पाँच सौ रुपये मात्र)	**14,70,150/- रुपये** (चौदह लाख सत्तर हज़ार एक सौ पचास रुपये मात्र)

ई-नीलामी की तारीख और समय	09-12-2026 (सुबह 11:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक)
ऑनलाइन नीलामी वेबसाइट	https://www.bankeauctions.com
ऑनलाइन बोलियां जमा करने की अंतिम तारीख	07-12-2026 (शाम 5:00 बजे तक)
न्यूनतम बोली वृद्धि राशि	केवल 50,000/- रुपये
खरीदने के इच्छुक लोगों के लिए संपत्ति के निरीक्षण की तारीख और समय	19-11-2026 (सुबह 11:00 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक)
अधिकृत अधिकारी का संपर्क विवरण	मोबाइल नंबर 9874438785, ईमेल: rohit.swaroop@indusind.com

बिक्री की विस्तृत शर्तों और नियमों के लिए, कृपया सिक्योर्ड क्रेडिटर की वेबसाइट www.indusind.bank.in या सर्विस प्रोवाइडर की वेबसाइट https://www.bankeauctions.com पर दिए गए लिंक को देखें।

SARFAESI अधिनियम के प्रावधानों/नियमों के तहत बिक्री के लिए 30 दिनों का वैधानिक नोटिस

उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता इसे 30 दिनों का 'बिक्री नोटिस' मान सकते हैं। उन्हें इस नोटिस की तारीख से 30 दिनों के भीतर अपनी पूरी देनदारी चुकाने और गिरवी रखी गई संपत्तियों को छुड़ाने का एक आखिरी मौका दिया जा रहा है। यदि वे ऐसा नहीं करते हैं, तो इन संपत्तियों को ऊपर बताई गई शर्तों के अनुसार बेच दिया जाएगा।

दिनांक: 30-10-2026
स्थान: पटना

हस्ताक्षर/- अधिकृत अधिकारी,
इंडसइंड बैंक लिमिटेड